# राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय
# बीकानेर

## *विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की सप्तम बैठक*
*(दिनांक 09 सितम्बर, 2012)*

## कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल की सप्तम बैठक दिनांक 9 सितम्बर, 2012 को विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, नवानिया, वल्लभनगर, उदयपुर में माननीय कुलपति प्रो. ए.के गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूचि संलग्न है।

सदन की कार्यवाही विधिवत रूप से चालू करने से पहले माननीय कुलपति महोदय एवं माननीय सदस्यों द्वारा राजूवास न्यूज लेटर के तीसरे वॉल्यूम के द्वितीय अंक का विमोचन भी किया गया। माननीय सदस्यों ने न्यूज लेटर के कलेवर एवं संकलन की प्रशंसा की।

| एजेंडा सं. | प्रस्ताव एवं निर्णय |
|---|---|
| 07/ए | *विश्वविद्यालय द्वारा अब तक की गई प्रगति का संक्षिप्त विवरण मौखिक रूप से कुलपति द्वारा सदन में पेश* |
| | **बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति महोदय ने प्रबंध बोर्ड की गत बैठक के बाद की** तिमाही में विश्वविद्यालय के विकास की कड़ियों में पशुपालकों, किसानों एवं छात्रों की उन्नति के लिए किये गये प्रयासों के बारे में बताया, जिनमें प्रमुख रूप से निम्न उल्लेखनीय हैः–<br>1. पशुधन की प्रजनन क्षमता विकसित करने हेतु राष्ट्रीय दुग्ध अनुसंधान संस्थान करनाल (हरियाणा) द्वारा विकसित की गई तकनीकों को कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से पशुपालकों तक पहुंचाने के लिए राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं जोनल परियोजना निदेशालय, आई.सी.ए आर. (जोन–VI) जोधपुर के सयुंक्त तत्वाधान में 9 अगस्त 2012 को कृषि अनुसंधान केन्द्र, दुर्गापुरा, जयपुर में एक इन्टरफेस ग्रुप मीटिंग का आयोजन किया गया।. जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (पशुपोषण एवं उत्पादन) डॉ. बी. एस. प्रकाश थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं कुलपति महोदय ने की जिसमें श्रीमान डॉ. ओ. पी. गिल, कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौधोगिक विश्वविद्यालय, उदयपुर, ओ. पी. मीणा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (पशुपालन) एवं प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि0 जयपुर, एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं अधिकारी भी इसमें शामिल हुए। देश के जाने माने वैज्ञानिकों द्वारा अनियमित प्रजनन से सम्बन्धित कारणों का विवेचन तथा नई तकनीकों के माध्यम से इनको दूर करने के बारे में सहभागियों को जानकारी प्रदान करना इस बैठक का मुख्य उद्धेश्य था, ताकि राजस्थान का आम पशु पालक/ किसान इन उपायों के माध्यम से अपने पशुओं में नियमित रूप से प्रजनन करा सके एवं पूरा पूरा आर्थिक लाभ उठा सके।<br>2. कुलपति महोदय ने वेटरनरी विश्वविद्यालय बीकानेर एवं केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड, जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में भेड़ व ऊन उन्नयन परियोजना के तहत ग्राम पंचायत ढाणी पाण्डुसर (लूणकरणसर) में दिनांक 24 अगस्त 2012 को शुष्क क्षेत्र में पशुधन प्रबंधन – एक चुनौती विषय पर एक विशाल "कृषक – वैज्ञानिक संवाद" कार्यक्रम के बारे में बताया कि वेटरनरी विश्वविद्यालय में संचालित भेड़ व ऊन उन्नयन परियोजना के तहत बीकानेर जिले की बीकानेर, लूनकरणसर व खाजूवाला पंचायत समितियों के भेड़ पालकों की बीकानेरी |

पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्

| | |
|---|---|
| | चोखला भेड़ों का उन्नयन किया जा रहा है। इस अवसर पर पशुपालकों के लिये सरल भाषा में लिखी *"बीकानेरी चोखला भेड़ आय का उत्तम साधन"* पुस्तिका का विमोचन भी किया गया था। इस विशाल कृषक – वैज्ञानिक संवाद में करीब एक हजार किसान एवं पशुपालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर पशुओं के समुचित उपचार के लिए पशु चिकित्सा एवं बॉझ निवारण शिविर भी लगाया गया। सोनाग्राफी मशीन के द्वारा पशुओं के ग्याभिन होने की जांच भी की गई। किसानों ने बडी संख्या में अपने खेत की मिट्टी के नमूनों की जांच भी करवायी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री वीरेन्द्र जी बेनीवाल, परिवहन एवं गृह राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार ने कहा कि किसान और पशुपालक ज्ञान का भूखा है उसे मार्गदर्शन की जरूरत है।<br>3. चूंकि पश्चिमी राजस्थान में मछली पालन की भी विपुल सम्भावना है। अतः इसके प्रशिक्षण हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र, नोहर पर 3 तहसीलों (नोहर, भादरा, रावतसर) में पशुपालकों के लिए मछली पालन प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (28 अगस्त 2012) आयोजित किया गया, जिसमें 41 किसानों/पशु पालकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।<br>4. कुलपति महोदय ने बोम के सदस्यों का ध्यान कि पिछली बोम की बैठक के समय विश्वविद्यालय में छात्र आंदोलन चल रहा था एवं सदन में यह भावनाऐं व्यक्त की गयीं थीं कि विश्वविद्यालय में अनुशासन बनाए रखना आवश्यक है, तथापि कुछ अवांछित तत्वों के द्वारा भ्रमित किये गये छात्रों को मुख्यधारा में शीघ्र लाने के प्रयास किये जायें। सदन की इस भावना का सम्मान करते हुए गुरू पूर्णिमा दिवस दिनांक 3.7.2012 को पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में छात्रों से समझौता वार्ता की गयी। जिसमें उनकी सभी उचित मांगों पर सहानुभूति से विचार किया गया। छात्रों की मांगो के सन्दर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी माननीय सदस्यों को दी गई जिस पर माननीय सदस्यों ने संतोष प्रगट किया तथा विश्वविद्यालय के सभी कदमों का अनुमोदन किया।<br>5. कुलपति महोदय ने बताया कि छात्रों को डिग्री उपार्जित करने के उपरांत नौकरी प्राप्त करने या व्यवसाय करने की सम्भावनाओं व उनके लिए उचित तैयारियों हेतु कई कार्यक्रम किये गये। 25 जुलाई 2012 को एक कार्यशाला का आयोजन प्लेसमेंट सैल द्वारा किया गया। इसमें सशस्त्र बलों में वेटरनरी स्नातकों की उपादेयता के बारे में मेजर आलोक पिल्लई ने छात्रों को विस्तार से समझाया। इसी क्रम में प्लेसमेंट सेल ने प्राईवेट सैक्टर में वेटरनरी स्नातकों के लिए रोजगार व व्यवसाय के अवसरों की जानकारी देने हेतु एक अन्य कार्यशाला का आयोजन भी किया । इस कार्यशाला में मार्श इंडिया प्रा. लि. के डॉ. रजत मोहन्ती व डॉ. भुवेन्द्र बाबू ने पशुपालन से जुड़े उद्योगों, कम्पनियों व फर्मों में पशु चिकित्सकों की आवश्यकता व प्राईवेट सैक्टर में इनकी महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। इन्ही दिनों में गुजरात की एक बड़ी दुग्ध उत्पादक मेहसाना डेयरी ने इस विश्वविद्यालय से स्नातकों का चयन करने हेतु कैम्पस इन्टरव्यू किया जो दो दिन (28 एवं 29 अगस्त 2012) चला। इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाने हेतु प्लेसमेंट सैल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विद्यार्थियों को इन्टरव्यू से जुड़े सभी पहलुओं की तैयारी करवायी गयी। इन सब तैयारियों के फलस्वरूप लगभग 10 विद्यार्थियों के चयन की सम्भावना है।<br>6. इसी दौरान विश्वविद्यालय छात्र संघ एवं विश्वविद्यालय से जुड़े सभी महाविद्यालयों के छात्र संघों के चुनाव मतदान द्वारा शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाये गये व छात्र संघों के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय व छात्र हितों के लिए प्रशासन से पूर्ण सहयोग का संकल्प किया।<br>7. कुलपति महोदय ने बताया कि छात्रों की खेलकूद व स्पोर्ट्स आदि में |

| | | |
|---|---|---|
| | | अभिरूचियां बनाए रखने हेतु व इनमें भाग लेने को प्रोत्साहित करने हेतु विश्वविद्यालय में कई सुविधाओं का विकास किया गया इस क्रम में ऑडिटोरियम को पुनः सुसज्जित किया गया, पूर्ण सुविधाओं से युक्त यह ऑडिटोरियम (प्रेक्षा–गृह) विद्यार्थियों की सांस्कृतिक व साहित्यिक अभिरूचियों से जुड़ी प्रतियोगिताओं के प्रदर्शन के लिए एक अनूठी सौगात है। ऑडिटोरियम के अतिरिक्त नवसज्जित वॉलीबॉल ग्राउन्ड भी विकसित कर दिया गया है। इस नवसृजित वॉलीबॉल ग्राउन्ड में रात्रि के समय भी खेलने हेतु लाइटें लगवाई गयी हैं। चारों ओर से यह ग्राउन्ड तारबंदी से सुरक्षित भी किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी आधुनिक मशीनों से सुसज्जित जिम (व्यायामशाला) का भी लोकार्पण किया गया।<br>8. विद्यार्थियों/शिक्षकों व प्रगतिशील पशुपालकों को आधुनिक सूचना एवं प्राद्योगिकि संसाधनों के उपयोग व प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 26 जुलाई 12 को एक दिवसीय ई–गर्वनेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके लिए ई–पशु विज्ञान कियोस्क की स्थापना की आवश्यकता जतायी गयी ताकि पशुपालक अपने गांव में रहते हुए ही पशुओं के ईलाज तथा प्रबंधन के बारे में विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर सकेगें।<br>9. उन्होंनें बताया कि माह अगस्त के दौरान आर.पी.वी.टी की प्रथम काउंसलिंग, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में दिनांक 14 अगस्त 2012 को सफलता पूर्वक सम्पन्न करायी गयी। 51 नियमित व पेऽड सीटों पर प्रवेश दिये गये। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय से जुड़े सभी 58 पशुपालन डिप्लोमा संस्थान में प्रवेश हेतु प्रक्रिया भी प्रारम्भ की गयी।<br>10. प्रथम वर्ष के अधिकांश छात्र – छात्राऐं ग्रामीण पृष्ठ भूमि से आते है, व उन्हें बोलचाल की अंग्रेजी भाषा का ज्ञान न होने के कारण बड़ी कठिनाई होती है। इसके निराकरण हेतु विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सैल ने अंग्रेजी के विशेषज्ञों की सेवायें ली है जिसमें प्रतिवर्ष प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को तीन माह तक अंग्रेजी भाषा में प्रवीण बनाने हेतु गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा।<br>11. माननीय कुलपति महोदय ने इस तिमाही में विश्वविद्यालय में हुई कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में भी अवगत कराया जैसे कि विश्वविद्यालय के नवानियां कैम्पस पर एन.सी.सी की नयी यूनिट की स्थापना की स्वीकृति राज्य सरकार से प्राप्त हुई। इसमें आर एण्ड वी. एन.सी.सी की एक रेजीमेंट नवानियां कैंपस में स्थापित होगी व इसके लिए 18 नयें पदों का सृजन राज्य सरकार ने किया है व 53.50 लाख रू. की राशि वर्ष 2012–13 के लिए स्वीकृत की गयी है। इस नयी रेजीमेंट की स्थापना से विद्यार्थी आशातीत रूप से लाभान्वित होंगे। कुलपति महोदय ने बताया कि विश्वविद्यालय ने राज्य के पशुओं में होने वाली बीमारियों के पूर्वानुमान हेतु वर्ष 1995 से 2011 तक के दौरान राज्य में पशुओं की बीमारियों के समस्त आंकड़ों का अध्ययन कर पशुरोग पूर्वानुमान बुलेटिन का प्रथम अंक 1 जुलाई 2011 को जारी किया। यह पूर्वानुमान प्रत्येक माह की प्रथम तिथि को राज्य के सभी जिलों के लिए जारी किया जा रहा है। इसकी मदद से प्रत्येक जिले के पशुपालक एवं पशु चिकित्सा अधिकारी लाभ उठा सकेंगे।<br>12. अंत में माननीय कुलपति महोदय ने राज्य विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध मण्डल के सदस्य माननीय श्री रामनारायण जी मीणा के इस विश्वविद्यालय में किये गये भ्रमण व विश्वविद्यालय के अधिकारियों व शिक्षकों/वैज्ञानिकों से उनके द्वारा की गई चर्चा के बारे में बताया। उन्होनें यह भी बताया कि श्री मीणा ने नव स्थापित विश्वविद्यालय द्वारा कम अवधि में की गयी आशातीत प्रगति की भूरी–भूरी सराहना की। |

| | |
|---|---|
| निर्णय | सदन ने विश्वविद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए इस हेतु उठाये गये सभी कदमों का अनुमोदन किया। (Action: No action is required) |
| 07/बी | *प्रबंध बोर्ड की गत बैठक दिनांक 17.06.12 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन* |
| निर्णय | माननीय सदस्यों द्वारा प्रबंध बोर्ड की गत बैठक दिनांक 17.6.2012 के कार्यवाही विवरण का सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया। (Action: No action is required) |
| 07/सी | *गत बैठक दिनांक 17.06.2012 की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट (Action Taken Report) का अनुमोदन* |
| निर्णय | बोर्ड सचिव श्री वाई.के. सिंह द्वारा गत बैठक के पश्चात् बोर्ड के निर्णयों की पालनार्थ जारी सभी आवश्यक आदेशों एवं उठाये गये कदमों को प्रबंध बोर्ड के सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया। बोर्ड द्वारा पालना रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया। (Action: No action is required) |
| 07/डी | *शैक्षणिक परिषद् की चतुर्थ बैठक दिनांक 03.09.2012 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन* |
| निर्णय | बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों द्वारा शैक्षणिक परिषद की चतुर्थ बैठक के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर निम्न सुझाव देते हुए अनुमोदन किया –<br>1. माननीय सदस्यों ने पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, नवानियां को बंद करने के वी.सी.आई. के निर्णय को अनुचित बताया। सदस्यों ने इस जनजाति क्षेत्र में विश्वविद्यालय के केम्पस को जनहित में अतिउपयोगी बताया जिससे यहां की पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की जा सकेगी। ऐसे में इस दूरदराज के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की जानी चाहिये। वीसीआई का इस महाविद्यालय को बंद करने का आदेश यहां किये जा रहे विकास कार्यों की अनदेखी एवं जनजाति क्षेत्र के विकास के प्रयासों पर कुठाराघात है। बोर्ड के सदस्यों ने प्रथम वर्ष हेतु सभी सुविधाओं को पर्याप्त बताया जिनका उन्होंने आज स्वयं अवलोकन भी किया है। बोर्ड ने वीसीआई के रवैये पर रोष प्रगट करते हुए इसे निराशापूर्ण एवं व्यापक जनहित के विरूद्ध करार दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय को निर्देश दिये कि एक बार पुनः नये प्रवेश की अनुमति हेतु वीसीआई को प्रस्ताव भेजे जायें। उन्होंने नवानियां से सभी वर्षों के छात्रों के बीकानेर स्थानान्तरण के बारे में, अकादमिक परिषद् द्वारा किये गये निर्णय का अनुमोदन कर परिषद द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसार अग्रिम कार्यवाही करने की अनुसंशा की। सदस्यों ने कुलपति महोदय को आश्वस्त किया कि वे इस मामले में उनके द्वारा छात्र एवं विश्वविद्यालय हित में लिये गये कदमों का पूर्ण समर्थन करते हैं। (Action: As per minutes of the Acad.Council) |
| 07/ई | *विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन* |
| निर्णय | पृष्ठ संख्या 32 से 77 पर सलग्न विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन किया गया। इस सन्दर्भ में सदन के माननीय सदस्यों ने यह सुझाव दिया कि इस एजेण्डा में केवल उन्हीं आदेशों को बोम के समक्ष प्रस्तुत किया जाये, जिनमें नीतिगत निर्णय लिये गये हों अथवा/एवं बोम के निर्देशों की अनुपालना में जारी किये गये हों। (Action: Registrar to note for future) |
| 07/एफ | *विश्वविद्यालय के नॉन–टीचिंग के पदों पर नियुक्ति/पदौन्नति पर योग्यताओं का अनुमोदन* |
| निर्णय | सदन ने इन योग्यताओं पर विचार करने के उपरान्त, विश्वविद्यालय के नॉन–टीचिंग के पदों पर नियुक्ति/पदौन्नति की योग्यताओं का अनुमोदन निम्न परिवर्तनों के साथ किया गया – |

| | |
|---|---|
| | 1. राजस्थान के विश्वविद्यालयों के शिक्षकों एवं अधिकारियों के चयन एक्ट, 1974 (धारा–18–1984) के अनुसार डिप्टी–रजिस्ट्रार के पद को शत–प्रतिशत सीधे चयन से भरा जाये।<br>2. सहायक रजिस्ट्रार के रिक्त पदों को 50 प्रतिशत सीधी भर्ती एवं 50 प्रतिशत पदौन्नति के द्वारा भरे जायेगें।<br>3. कनिष्ठ लिपिक के रिक्त पदों को 50 प्रतिशत सीधी भर्ती एवं 50 प्रतिशत पदौन्नति के द्वारा भरे जायेगें।<br>4. एक्स केडर कार्मिकों की सूची में से सभी को एक अवसर प्रदान करने के बाद में खाली रहे या नव सृजित चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के पद सीधी भर्ती से भरे जा सकेगें। (Action: OSD and Registrar) |
| 07/जी | *विश्वविद्यालय में टीचिंग/नॉन टीचिंग के पदों की स्ट्रैंग्थ (Strength) का अनुमोदन* |
| निर्णय | सदन द्वारा विश्वविद्यालय में टीचिंग/नॉन टीचिंग के पदों की आदिनांक अद्यतन की गयी स्ट्रैंग्थ (Strength) का अनुमोदन किया गया। (Action: Registrar) |
| 07/एच | ***राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में सीधी नियुक्ति से पदौन्नत होने वाले सेवारत शिक्षकों/कार्मिकों के परिवीक्षाकाल में राज्य सरकार के वेतन संबंधित दिशा निर्देशों को अंगीकार करने की अधिसूचना जारी करने हेतु।*** |
| निर्णय | राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में सीधी नियुक्ति से पदौन्नत होने वाले सेवारत शिक्षकों/कार्मिकों के परिवीक्षाकाल में राज्य सरकार के वेतन संबंधित दिशा निर्देशों को अंगीकार करने की अधिसूचना अनुमोदित की गई।(Action: Registrar) |
| 07/आई | ***Approval of Statute 3 regarding withdrawal of Degree of Honoris-causa for Ph.D.*** |
| निर्णय | Statute 3 regarding withdrawal of Honorary Degree-*Honoris-causa* for Ph.D. was approved (Action: Registrar) |
| 07/जे | ***To authorise the Director Works (E.O.) to execute agreement on behalf of Hon'ble Vice-Chancellor, Rajasthan University of Veterinary & Animal Sciences, Bikaner.*** |
| निर्णय | Proposal, to authorize Director Works (E.O.) to execute agreement on behalf of Hon'ble Vice-Chancellor, Rajasthan University of Veterinary & Animal Sciences, Bikaner, was approved. (Action: Dir. Works and Registrar) |
| 07/के | *विश्वविद्यालय द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी की मीटिंग दिनांक 06.08.12 की कार्यवाही विवरण एवं अनुशंसा प्रकरण सं. 1 से प्रकरण सं. 9 तक का अनुमोदन* |
| निर्णय | विश्वविद्यालय द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी की मीटिंग दिनांक 06.08.12 की कार्यवाही विवरण एवं अनुशंसा प्रकरण सं. 1 से प्रकरण सं. 9 तक का अनुमोदन किया गया। (Action: Registrar) |
| 07/एल | *विश्वविद्यालय भंडार क्रय नियम–2011 में संशोधन का अनुमोदन* |
| निर्णय | विश्वविद्यालय भंडार क्रय नियम–2011 में ई–टेंडरिंग संबंधित एवं रू0 5.00 लाख से अधिक की कीमत के उपकरणों आदि को विश्वविद्यालय की स्वीकृति के पश्चात क्रय करने सम्बन्धी संशोधनों का अनुमोदन किया। (Action: Comptroller) |

| | |
|---|---|
| 07/एम | *आई.सी.ए.आर. मॉडल एक्ट पर विचार* |
| निर्णय | सदन ने निर्देशित किया कि इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई समिति की सिफारिशों को बोम की आगामी बैठक में विचार हेतु रखा जाये। (Action: Registrar) |
| 07/एन | *राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में कुलसचिव/ वित्तनियंत्रक/भू–सम्पति अधिकारी के पदों पर पदस्थापित रहे पूर्व अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अतिथिगृह (Guest House) में ठहरने की सुविधा प्रदान करने का अनुमोदन* |
| निर्णय | राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में कुलसचिव/ वित्तनियंत्रक/भू–सम्पति अधिकारी के पदों पर पदस्थापित रहे पूर्व अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अतिथिगृह (Guest House) में विश्वविद्यालय के कार्मिकों पर लागू दरों पर ठहरने की सुविधा प्रदान करने का अनुमोदन किया गया। (Action: Registrar) |
| 07/ओ | *राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/विश्वविद्यालयों/बोर्डों/निगमों आदि के मंत्रालयिक सेवा संवर्ग से सेवानिवृति उपरांत इस विश्वविद्यालय के अधीन अनुबंध पर कार्यरत कार्मिकों को क्षतिपूर्ति आकस्मिक अवकाश (C.C.L.) तथा एक वर्ष में दो एच्छिक अवकाश स्वीकृत करने का अनुमोदन* |
| निर्णय | विश्वविद्यालय के अधीन अनुबंध पर कार्यरत कॉर्मिकों को क्षतिपूर्ति आकस्मिक अवकाश (C.C.L.) तथा ऐच्छिक अवकाश स्वीकृत करने के सुझाव का **अनुमोदन नहीं** किया गया। (Action: No action is required) |
| 07/पी | *सिविल/इलैक्ट्रिकल एवं अन्य कार्यों के निष्पादन के संबंध में गठित की गई समितियों के लिए निविदा स्वीकृति की राशि एवं निविदा स्वीकृति की समय सीमा का निर्धारण किया जाना।* |
| निर्णय | सिविल/इलैक्ट्रिकल एवं अन्य कार्यो के निष्पादन के संबंध में गठित की गई समितियों के लिए निविदा स्वीकृति की राशि एवं निविदा स्वीकृति की समय सीमा का अनुमोदन कर दिया गया। (Action: Dir. Works) |
| 07/क्यू | *अन्य कोई एजेंडा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से* |
| 07/क्यू–1 | *राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के अधीन चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों को एक्स कैडर के पदों पर कार्यरत व्यक्तियों से भरे जाने का अनुमोदन।* |
| निर्णय | विश्वविद्यालय के गठन के साथ दोनों कृषि विश्वविद्यालयों से काफी संख्या में एक्स–केडर श्रेणी के कार्मिक एक्ट की धारा 50 के अनुसरण में आगये हैं। इन कार्मिकों के हित में पूर्व में भी चतुर्थ श्रेणी के रूप में इनमें से जिला वरीयता के आधार पर नियुक्ति दी जा चुकी है। विश्वविद्यालय को आशा है कि ऐसे जिलों में भी चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद हो सकेंगे जहां पर एक्स केडर कार्मिक हैं ही नहीं। ऐसी परिस्थिति में विश्वविद्यालय स्तर को इकजाही वरीयता सूचि में से एक्स केडर कार्मिकों को अवसर दिया जाना उपयुक्त होगा। अतः प्रबंध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के अधीन चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों को भरने हेतु पहले एक्स कैडर कार्मिकों को इकजाई वरीयता सूची के अनुरूप अवसर दिया जाना विश्वविद्यालय हित में होगा। अतः प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। (Action: Registrar) |
| 07/आर | *Enhancement of Washing Allowance of Class-IV employees of the Rajasthan University of Veterinary & Animal Sciences, Bikaner* |
| निर्णय | राजूवास के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के Washing Allowance में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। (Action: Comptroller) |

| | |
|---|---|
| 07/एस | ***Approval of Rules for Allotment of Residential Accommodation, 2012*** |
| निर्णय | सदन द्वारा नियमों का अनुमोदन किया गया। (Action: Director Works) |
| 07/टी | ***Change of Nomenclature of the post of "Assistant " as "Assistant - Section officer"*** |
| निर्णय | सदन ने राज्य सरकार के अनुरूप पदनाम में बदलाव का अनुमोदन किया। (Action: Registrar) |
| 07/यू | *निजी शिक्षण संस्थाओं को दो वर्षीय पशुपालन डिप्लोमा कोर्स हेतु सम्बद्धता प्रदान करने के लिए निर्धारित न्यूनतम मानदण्डों का राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन।* |
| निर्णय | निजी शिक्षण संस्थाओं को दो वर्षीय पशुपालन डिप्लोमा कोर्स हेतु सम्बद्धता प्रदान करने के लिए निर्धारित न्यूनतम मानदण्डों का राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन को प्रबंध बोर्ड द्वारा पारित किया गया, एवं इन्हें वर्तमान में कार्यरत एवं नये संस्थानों में लागू करने की विधि के निर्धारण हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया। (Action: Registrar) |

बैठक के अन्त में विधानसभा उपाध्यक्ष एवं माननीय सदस्य-प्रबन्ध बोर्ड श्रीमान रामनारायण जी मीणा एवं डॉ. के.एम.एल. पाठक, उपमहानिदेशक, (पशुपालन), कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय,नवानियां एवं पशु अनुसंधान केन्द्र, नवानियां में बनाये गये नये नवनिर्मित क्लीनिकल कॉम्पलेक्स, ब्रीडिंग फार्म आदि भवनों की गुणवत्ता की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने अधिष्ठाता, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा इस परिसर को अग्रणी संस्था के रूप में विकसित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों की भी भूरी भूरी प्रशंसा की।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित के बाद सम्पन्न हुई।

कुल सचिव एवं
सदस्य सचिव

**राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर**

क्रमांकः-एफ-2(99)/बोम मीटिंग/राजूवास/2012/ 2728 दिनांकः 18 सितं., 2012 1-10-2012

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव, राज्यपाल राजस्थान एवं कुलाधिपति, राजभवन, जयपुर
2. श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव, पशुपालन विभाग राजस्थान जयपुर।
3. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव (वित्त), राजस्थान जयपुर।
4. श्रीमान प्रमुख शासन सचिव (आयोजना) राजस्थान जयपुर।
5. समस्त माननीय सदस्यगण।
6. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/इकाई प्रभारी अधिकारी, राजूवास, बीकानेर।
7. नोडल अधिकारी, युनिवर्सिटी वेबसाइट, राजूवास, बीकानेर।

कुल सचिव एवं
सदस्य सचिव

*परिशिष्ट– "अ"*

# राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

## प्रबंध बोर्ड की सप्तम बैठक दिनांक 09.09.2012 में उपस्थित सदस्यों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Prof. A. K. Gahlot- Hon'ble Vice-Chancellor | In Chair |
| 2. | Sh. R.N. Meena | Member |
| 3. | K.M.L. Pathak | Member |
| 4. | Prof. S.N. Maurya | Member |
| 5. | Dr. N.V. Patil | Member |
| 6. | Smt. Krishana Solanki | Member |
| 7. | Sh. Vijay loyal | Member |
| 8. | Sh. Prabhu Ram Paushak | Member |
| 9. | Dr. B.K.Beniwal | Member |
| 10. | Dr. S.B.S.Yadav | Member |
| 11. | Dr. L.L. Rathore | Nominee |
| 12. | Dr. R.K. Nagda | Invitee |
| 13. | Er. Basant Kumar Acharya | Invitee |
| 14. | Dr. Shekhar Bhargav, OSD to VC, RAJUVAS | Invitee |
| 15. | Sh. Y.K.Singh, Registrar & Comptroller | Member Secretary |